प्रेस विज्ञप्ति

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज दिनांक 31.10.2019 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बालक एवं बालिकाओं के लिए रिले रेस का आयोजन किया गया । बालिकाओं में आराध्या, अनुष्का अत्री, छवि, महक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालकों में अकाश, साहिल, अभिनव, दिव्यान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में "रन फॉर यूनिटी" संस्था के साथ मिलकर पूरे विद्यालय को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी में एकता की भावनाओं को बढ़ावा देना तथा अपने व्यवहार से सभी को एकता में रहने का संदेश देना था।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने सभी को एकता से रहने के लिए संबोधित किया और इसके साथ ही कार्यक्रम का अंत हुआ।